# अपनी बात

अंक : 515 वर्ष 41 सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका राँची, 30 अप्रैल, 2017


## मोटर ड्राईविंग प्रशिक्षण केंद्र का ऑनलाईन शिलान्यास



मा. केन्द्रीय मंत्री श्री सुदर्शन भगत, मा. सांसद श्री रामटहल चौधरी, मा. सांसद श्री महेश पोद्दार, सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशकगण एवं अन्य

विगत 02 अप्रैल को माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने देवघर से मोटर ड्राईविंग प्रशिक्षण केंद्र रांची और गोड्डा का ऑनलाइन शिलान्यास किया। सीसीएल ने गांधीनगर अस्पताल परिसर, राँची में प्रशिक्षण केन्द्र हेतु 3.5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई है। भारत सरकार के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत इस प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया गया है।

इस अवसर पर माननीय केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री (भारत सरकार) श्री सुदर्शन भगत, रांची के सांसद श्री रामटहल चौधरी, सांसद (राज्य सभा) श्री महेश पोद्दार, हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशगण और अन्य सभी ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। ऑनलाईन उद्घाटन के बाद अतिथियों ने मोटर ड्राईविंग प्रशिक्षण केंद्र की आधारशिला गांधीनगर परिसर में रखी।

सभा को संबोधित करते हुए माननीय केंद्रीय राज्यमंत्री श्री सुदर्शन भगत ने कहा कि झारखंड में दो मोटर ड्राईविंग सेंटर खोला जा रहा है जहाँ युवाओं को मोटर ड्राईविंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री के "सबका साथ, सबका विकास" संदेश की सराहना करते हुए सीसीएल के समग्र कार्यनिष्पादन और रिकॉर्ड उपलब्धि की भी प्रशंसा की।

माननीय सांसद श्री रामटहल चौधरी ने सीएमडी श्री गोपाल सिंह के सक्षम नेतृत्व में सीसीएल की उत्कृष्ट उपलब्धि को सराहा और कहा कि रिकॉर्ड कोयला उत्पादन से इस उद्योग से जुड़े उपभोक्ता संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ–साथ सीएसआर गतिविधियों में भी बेहतर कार्य कर रहा है।

माननीय सांसद (राज्यसभा) श्री महेश पोद्दार ने भी मोटर ड्राईविंग प्रशिक्षण केंद्र जैसे पहल की प्रशंसा की और कहा कि देश में हो रहे सकारात्मक बदलाव में सीसीएल अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने अपने स्वागत भाषण में 'कायाकल्प मॉडल ऑफ गवर्नेंस' के बारे में सभी अतिथियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीसीएल में कायाकल्प मॉडल के अंतर्गत अनेकों कल्याणकारी/सीएसआर गतिविधियाँ वृहद स्तर पर सफलतापूर्वक चल रही है। सीएमडी ने कहा कि यह मोटर ड्राईविंग प्रशिक्षण केंद्र देश में सबसे बेहतर प्रशिक्षण केंद्रों में से एक होगा और झारखंड के युवाओं को भारत सरकार की इस योजना से निश्चय ही लाभ होगा और वे स्वावलंबी बन सकेंगे।

इस अवसर पर निदेशक (का.) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (यो./परि.) श्री ए.के. मिश्रा, महाप्रबंधक (कल्याण) श्री वी.एन. प्रसाद, सीएमएस इन–चार्ज केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर डॉ. आर.आर. सिन्हा सहित सीसीएल वृहद परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## खेल अकादमी का निरीक्षण

विगत 07 अप्रैल को माननीय केंद्रीय राज्यमंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय (भारत सरकार) श्री जसवंत सिंह सुमनभाई भाभोर ने होटवार स्थित खेल अकादमी का निरीक्षण किया। श्री भाभोर ने बच्चों के छात्रावास का निरीक्षण किया और स्वंय बच्चों से संवाद कर बच्चों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। माननीय मंत्री को सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने खेल अकादमी के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने इस अकादमी के माध्यम से देश को 2024 ओलंपिक खेलों में पदक जीतने के अकादमी के लक्ष्य और उसकी तैयारियों से भी अवगत कराया।



खेल अकादमी के बच्चों के लिए एम्बुलेंस के साथ माननीय मंत्री, सीएमडी एवं अन्य

इस अवसर पर माननीय मंत्री महोदय ने खेल अकादमी के बच्चों के लिए एक एम्बुलेंस प्रदान किया। श्री भाभोर ने सीसीएल एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं की खुलकर प्रशंसा की एवं बच्चों के अनुशासन और जोश से भी प्रभावित हुए।

## सीसीएल में अम्बेडकर जयंती मनाई गई



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन करते सीएमडी
साथ में हैं निदेशक (का.) तथा अन्य

विगत 14 अप्रैल को मुख्यालय में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 126वीं जयंती "विचार मंच में मनायी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह तथा निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, सीवीओ सीसीएल श्री ए. के. श्रीवास्तव एवं अन्य अतिथियों ने डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया।

अपने संबोधन में श्री गोपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में डॉ. अम्बेडकर का योगदान खासकर संविधान का प्रारूप तैयार करने में सबसे अहम भूमिका रही है। श्री सिंह ने कहा कि आज हम सभी संकल्प लें कि उनके सपने को साकार करने में अपनी भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने राष्ट्र को संविधान दिया, एक दिशा दी, राह दिखाई जिससे हमारे महान राष्ट्र का भविष्य उज्जवल रहे। राष्ट्र उनके प्रति हमेशा कृतज्ञ रहेगा।

## आउटडोर कॉम्पलेक्स एवं केबिन्स का उद्घाटन



फीता काटकर केबिन्स का उद्घाटन करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने हेतु सीसीएल हमेशा से प्रयत्नशील रहा है। इसी क्रम में सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने 16 अप्रैल को केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर में मरम्मति और नवीनिकृत किये गये आउटडोर कॉम्पलेक्स तथा चिकित्सकों के केबिन्स का उद्घाटन किया।

अपने संबोधन में श्री गोपाल सिंह ने कहा कि केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर श्रेष्ठ चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहा है और यह आने वाले दिनों में और बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए संकल्पित है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस




मरीज संग निदेशक (का.) श्री आर. एस. महापात्र तथा सीवीओ श्री ए. के. श्रीवास्तव

विगत 07 अप्रैल को केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर में "विश्व स्वास्थ्य दिवस" मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र तथा सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव ने मरीजों के बीच फलों का वितरण किया तथा मरीजों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। इस अवसर पर चिकित्सकों ने मरीजों को चिकित्सीय सलाह भी दी।

हम सबसे पहले और अंत में भारतीय हैं।

– डा. भीमराव अम्बेडकर


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)